बिहार सरकार,
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग

## आदेश

राज्य सरकार के 7 निश्चयों में एक "आर्थिक हल, युवाओं को बल" के अधीन BSDC कांटी, मुजफ्फरपुर KYP code 09010063 का संचालन RSWM, भीलवाड़ा ग्रूप के द्वारा किया जा रहा है । दिनांक-8 अप्रैल,2019 को इस केन्द्र का औचक निरीक्षण District Skills Manager मुजफ्फरपुर के द्वारा किया गया तथा औचक निरीक्षण के पश्चात अपना प्रतिवेदन ईमेल के माध्यम से बिहार कौशल विकास मिशन को भेजा गया । इस ईमेल में District Skills Manager मुजफ्फरपुर के द्वारा यह उल्लेख किया गया कि उन्होंने दिनांक-8 अप्रैल, 2019 को परीक्षा की तिथि को BSDC कांटी(मुजफ्फरपुर) का निरीक्षण किया है तथा निरीक्षण में यह पाया गया कि एक Learning facilitator श्री कुमार कर्मवीर एक Learner सुश्री अंकिता कुमारी के स्थान पर परीक्षा दे रहे थे । District Skills Manager मुजफ्फरपुर के द्वारा अपने प्रतिवेदन के साथ Learner तथा Learning facilitator का परीक्षा देते छाया चित्र(फोटो) बिहार कौशल विकास मिशन को उपलब्ध कराया गया । अपने प्रतिवेदन के साथ District Skills Manager मुजफ्फरपुर के द्वारा श्री कर्मवीर कुमार Learning facilitator तथा सुश्री अंकिता कुमारी Learner, BSDC, कांटी(मुजफ्फरपुर) का लिखित बयान भी संलग्न किया गया जिसमें श्री कर्मवीर कुमार Learning facilitator तथा सुश्री अंकिता कुमारी के द्वारा यह स्वीकार किया गया है कि सुश्री अंकिता कुमारी के बदले Learning facilitator श्री कर्मवीर कुमार परीक्षा दे रहे थे ।

District Skills Manager मुजफ्फरपुर से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में BSDC, कांटी(मुजफ्फरपुर) KYP Code 09010063 के संचालक एजेंसी RSWM भीलवाड़ा ग्रूप से पत्र संख्या-581 दिनांक-27 मई, 2019 के द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी ।

पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में RSWM भीलवाड़ा ग्रूप के द्वारा ईमेल के माध्यम से अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया । अपने स्पष्टीकरण में एजेंसी के द्वारा यह कहा गया कि उक्त तिथि दिनांक-8 अप्रैल, 2019 को BSDC कांटी(मुजफ्फरपुर) पर आयोजित परीक्षा में 76 प्रशिक्षणार्थी सम्मलित हो रहे थे तथा इस केन्द्र पर प्रतिनियुक्त सभी कर्मी स्वच्छ एवं निष्पक्ष परीक्षा संचालित कराने में व्यस्त थे । इसी बीच आरोपित Learning facilitator खाना खाने की बात कहककर ऑफिस से निकले तथा किसी Learner के लिए इस तरह का गलत कार्य करने लगे। इस घटना की सूचना प्राप्त होते हीं आरोपित Learning facilitator को तुरंत अपने पद से हटा दिया गया तथा उनके पंजीयन को पोर्टल से Delete कर दिया गया। अपने स्पष्टीकरण में एजेंसी के द्वारा यह कहा गया है कि उन्हें भी इस घटना से सिख मिली है तथा एजेंसी के द्वारा अपने सभी केन्द्रों के सभी कर्मियों को बुलाकर इस तरह की घटना में संलिप्त नहीं होने का स्पष्ट निदेश दिया जा चुका है । एजेंसी के द्वारा अपने स्पष्टीकरण में यह भी कहा गया है कि वे अपने सभी केन्द्रों पर उच्च कोटि के प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाये रखने में विश्वास करते हैं तथा जिला कौशल प्रबंधक के निरीक्षण के क्रम में उनके केन्द्रों की गुणवत्ता उच्च कोटि की पायी गयी है, जिसके कारण हीं उनकी एजेंसी के साथ संबद्ध दो कुशल युवा कार्यक्रम के प्रशिक्षण केन्द्र नोखा तथा दिनारा Performance Index के आधार पर जिले में स्थान पाये हैं । BSDC कांटी पर घटित इस घटना के लिए एजेंसी के द्वारा अपने स्पष्टीकरण में खेद प्रकट किया गया तथा यह आश्वासन दिया गया कि भविष्य में इस तरह की किसी घटना की पुनरावृति नहीं होगी। उनके द्वारा अपने स्पष्टीकरण को स्वीकृत करते हुए BSDC कांटी को चलाये जाने की अनुमति देने

का अनुरोध किया गया ।

एजेंसी RSWM भीलवाड़ा ग्रूप से प्राप्त स्पष्टीकरण संतोषप्रद नहीं है । BSDC कांटी पर घटित घटना Impersonation की श्रेणी में आता है, जो एक गंभीर अनियमितता है तथा बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा किसी भी परिस्थिति में किसी भी केन्द्र पर इसे होने देने की इजाजत नहीं दी जा सकती है । यह तथ्यात्मक है कि इस तरह की घटना को उनके एक Learning facilitator के द्वारा अंजाम दिया गया है, लेकिन यह भी तथ्यात्मक है कि वे Learning facilitator एजेंसी RSWM के हीं Paid staff हैं तथा एजेंसी के द्वारा हीं उन्हें केन्द्र संचालन के लिए नियुक्त किया गया है । किसी भी एजेंसी से यह अपेक्षा की जाती है कि उनके केन्द्र पर कुशल युवा कार्यक्रम का प्रशिक्षण समाप्त होने के पश्चात परीक्षा का संचालन कदाचारमुक्त स्वच्छ तथा निष्पक्ष वातावरण में होगा, लेकिन BSDC कांटी पर स्वच्छ वातावरण में कदाचारमुक्त परीक्षा आयोजित कराने में एजेंसी असफल रहे हैं । यदि आरोपित Learner की तबियत खराब थी तो उन्हें इस परीक्षा के पश्चात भी अगली परीक्षा में सम्मलित होने का विकल्प प्राप्त था, लेकिन उनके Learning facilitator के द्वारा उपलब्ध विकल्प को प्राथमिकता नहीं दी गयी तथा Learner के स्थान पर परीक्षा में सम्मलित होकर परीक्षा की गुणवत्ता को दूषित करने का प्रयास किया गया, जिसके लिए इस केन्द्र पर कार्यरत सभी कर्मी तथा संचालक एजेंसी RSWM भीलवाड़ा ग्रूप दोषी पाये जाते हैं ।

अतः BSDC कांटी के संचालक एजेंसी RSWM भीलवाड़ा ग्रूप से प्राप्त स्पष्टीकरण को अस्वीकृत किया जाता है तथा इस केन्द्र KYP code 09010063 के पंजीकरण को स्थायी रूप से रद्द करते हुए इस केन्द्र को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाता है, साथ हीं BSDC कांटी, मुजफ्फरपुर KYP code 09010063 के लिए जमा किये गये सुरक्षित जमा की राशि को जब्त किया जाता है। Team leader, MKCL, श्री अनुपम नारखेड़े को आदेश दिया जाता है कि वे तत्काल प्रभाव से KYP code 09010063के पंजीकरण को निरस्त कर दें तथा इस केन्द्र की अप्रैल 2019 बैच की परीक्षा की एक प्रशिक्षणार्थी सुश्री अंकिता कुमारी, यदि इस परीक्षा में उत्तीर्ण हो गयी हैं, तो उनके प्रमाण पत्र को रद्द कर दें । उन्हें यह भी आदेश दिया जाता है कि वे इस केन्द्र पर नामांकित अन्य सभी प्रशिक्षणार्थियों को, जिनकी परीक्षा अभी आयोजित नहीं हुई है, उन्हें विमुक्त कर दें ताकि वे नये सिरे से किसी अन्य केन्द्र पर नामांकन कराकर कुशल युवा कार्यक्रम का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें । प्रबंधक, वित्त बिहार कौशल विकास मिशन को आदेश दिया जाता है कि वे विमुक्त किये गये प्रशिक्षणार्थियों से प्राप्त सुरक्षित जमा की राशि को अविलंब उनके बैंक खाते में RTGS/NEFT के माध्यम से वापस कर दें ।

ह0/–
(दीपक कुमार सिंह)
प्रधान सचिव–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।

ज्ञापांक–BSDM/SDM–18/2017(खण्ड–1)- 660 पटना,दिनांक– 10/6/19

प्रतिलिपि–(1) **BSDC**,कांटी(मुजफ्फरपुर) RSWM भीलवाड़ा ग्रूप,KYP Code 09010063 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

(2) श्री अनुपम नारखेड़े Team leader, MKCL को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(3) प्रबंधक, (वित्त) बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(4) अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी/ मिशन निदेशक/ प्रशासी पदाधिकारी/प्रबंधक, कार्यक्रम क्रियान्वयन, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(5) जिला पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर/ जिला नियोजन पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर/ जिला कौशल प्रबंधक, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(6) Project Director, SPMU/श्री रत्नदीप सिंह, मैनेजर MIS & Monitoring, SPMU /श्री रमण कुमार, मैनेजर,SPMU/प्रभारी SPMU मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(दीपक कुमार सिंह)
प्रधान सचिव–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन ।